भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

खण्ड–XXVIII अंक–18 30 सितम्बर, 2023

**आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक्। प्रजनश्चास्मि कनदर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः।**
मैं शस्त्रों में वज्र और गौओं में कामधेनु हूं। शास्त्रोक्त रीति से सन्तान की उत्पत्ति का हेतु कामदेव हूं और सर्पों में सर्पराज वासुकि हूँ।
**श्रीमद्भगवद्गीता 10/28**

## हिन्दी पखवाड़ा–2023 सम्पन्न

हिन्दी दिवस के अवसर पर संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 14–29 सितम्बर, 2023 के दौरान किया गया। हिन्दी पखवाड़े के शुभारम्भ में 14 सितम्बर, 2023 को **''राजभाषा हिन्दी और हमारा प्रशासनिक दायित्व''** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता **प्रो. टी. आर. श्रीकृष्णन, उप निदेशक (प्रचालन)** द्वारा की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में **श्री रामनिवास शुक्ल (पूर्व संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)** को आमंत्रित किया गया था। **डॉ. नीरज चौरसिया (अध्यक्ष, हिन्दी कक्ष)** ने कार्यशाला की शुरूआत हिन्दी दिवस की बधाई के साथ की तथा कार्यशाला की रूपरेखा व पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त **श्री अतुल व्यास, कुलसचिव** ने हिन्दी को कार्यालयीन राजभाषा कार्य में प्रयोग करने पर बल देते हुए हिन्दी दिवस पर हिन्दी भाषा संबंधित कुछ रोचक तथ्य रखे। आपने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी हिंदी में अधिक से अधिक काम करने का प्रयास करना चाहिए। **प्रो. टी. आर. श्रीकृष्णन, उप निदेशक (प्रचालन)** ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व स्तर पर हिन्दी को उसका दर्जा प्राप्त हो इसके लिए केवल 14 सितम्बर को ही नहीं अपितु सभी दिन हिन्दी के हों। हिन्दी कक्ष के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों से आपने अनुरोध किया। **श्री रामनिवास शुक्ल** ने ''राजभाषा हिन्दी और हमारा प्रशासनिक दायित्व'' विषय पर विस्तार से चर्चा की। आपने भाषा तथा संस्कृति के अटूट संबंध, संविधान में राजभाषा हिन्दी आदि पर विस्तृत रुप से चर्चा की। आपने बताया कि भाषा कठिन तब लगती है, जब उससे हमारा जुडाव नही होता। लगभग 65 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ कार्यशाला में भाग लिया तथा महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। कार्यशाला के अंत में डॉ. चौरसिया ने आमंत्रित वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया।






हिन्दी पखवाड़े के दौरान 18 सितम्बर, 2023 को संस्थान में ग्रुप 'बी' सदस्यों के लिए **'भारतीय संविधान एवं समृद्ध समाज'** तथा ग्रुप 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए **'भारत का चंद्रयान मिशन'** विषय पर **हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इसमें 22 सदस्यों ने भाग लिया। ग्रुप 'बी' स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से **श्री सोमवीर** (उप तकनीकी अधिकारी, भौतिकी विभाग) एवं **श्री प्रवीण दशरथ पौणिकर** (लेखा एवं लेखा परीक्षा अधिकारी, आंतरिक लेखा परीक्षा अनुभाग) ने, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप स **श्री रजनीश अग्रवाल** (लेखा एवं लेखा परीक्षा अधिकारी, लेखा परीक्षा अनुभाग) एवं **सुश्री शुभ्रा गुप्ता** (कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, रसायन विज्ञान विभाग) ने एवं तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से **श्री राजीव कुमार दहिया** (उप तकनीकी अधिकारी, जैव रासायनिक इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग) एवं **श्री गजराज सिंह** (कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग) ने प्राप्त किया। ग्रुप 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से श्री **भाग्य वर्धन** (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, केन्द्रीय कार्यशाला) एवं **श्री दिनेश कुमार** (तकनीकी सहायक, अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग) ने, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से **श्री विकाश मिश्रा** (प्रशासनिक सहायक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरी विभाग) एवं **श्री संदीप राठौर** (तकनीकी सहायक, सेन्स (SeNSE)) ने, तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से **सुश्री शर्मिष्ठा** (प्रशासनिक सहायक, अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग) एवं **श्री आशीष कुमार** (प्रशासनिक सहायक, स्थापना अनुभाग–2) ने प्राप्त किया।

20 सितम्बर, 2023 को संस्थान में ग्रुप 'बी' तथा ग्रुप 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए **'हिन्दी टिप्पणी एवं प्रारूपण प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया। इसमें 18 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार **सुश्री हेमा कुमारी** (सहायक प्रशासनिक अधिकारी, स्थापना अनुभाग–2) ने, द्वितीय पुरस्कार **श्री ललित कपूर** (सहायक प्रशासनिक अधिकारी, उप निदेशक (नीति एवं योजना) कार्यालय) ने एवं तृतीय पुरस्कार **श्री प्रवीण दशरथ पौणिकर** (लेखा एवं लेखा परीक्षा अधिकारी, आंतरिक लेखा परीक्षा अनुभाग) ने प्राप्त किया।

22 सितम्बर, 2023 को संस्थान में ग्रुप 'बी' तथा ग्रुप 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए **'राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया। इसमें 22 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार **श्री प्रवीण दशरथ पौणिकर** (लेखा एवं लेखा परीक्षा अधिकारी, आंतरिक लेखा परीक्षा अनुभाग) ने, द्वितीय पुरस्कार श्री **विवेक विकाश सतपथी** (कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, यांत्रिक इंजीनियरी विभाग) ने एवं तृतीय पुरस्कार **श्री हरिओम कुमार** (सहायक प्रशासनिक अधिकारी, अकादमिक अनुभाग) ने प्राप्त किया।

29 सितम्बर, 2023 को संस्थान में स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थीगण के लिए **'स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया। इसमें 06 स्टाफ सदस्यों एवं 08 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्टाफ सदस्यों में प्रथम पुरस्कार **श्री हरकेश कुमार लमेटिया** (प्रशासनिक सहायक, वायुमंडलीय विज्ञान केन्द्र) को, द्वितीय पुरस्कार **सुश्री अनु सोनी** (प्रशासनिक सहायक, शैक्षणिक अनुभाग) को एवं तृतीय पुरस्कार **श्री सुनील कुमार** (उप तकनीकी अधिकारी, विद्युत इंजीनियरी विभाग) को प्रदान किया गया तथा विद्यार्थीगण में प्रथम पुरस्कार **श्री संयम** (विद्युत इंजीनियरी विभाग) ने, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से **श्री मणिकान्त राय** (प्रबंध अध्ययन विभाग) एवं **सुश्री साक्षी** (भौतिकी विभाग) ने तथा तृतीय पुरस्कार **सुश्री पूजा सरीन** (प्रबंध अध्ययन विभाग) ने प्राप्त किया।

29 सितंबर, 2023 को संस्थान के सीनेट रूम में **हिन्दी समारोह** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 80 स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इस समारोह की अध्यक्षता **संस्थान निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी** ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर **डॉ. नीरज चौरसिया,** अध्यक्ष, हिंदी कक्ष ने **प्रो. आदित्य मित्तल,** उपनिदेशक, (प्रचालन) (कार्यवाहक), गणमान्य अधिकारियों, स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल, कर्मचारियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता की अध्यक्षता **प्रो. आदित्य मित्तल** उपनिदेशक, (प्रचालन) (कार्यवाहक) द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में **प्रो. दीपक कुमार** (CART), **प्रो. अशोक पटेल** (KSBS) एवं **श्री गोपाल कृष्ण** (CSC) शामिल रहे। **डॉ. नीरज चौरसिया** ने वर्ष के दौरान हिंदी कक्ष द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा माननीय गृह मंत्री और शिक्षा मंत्री के संदेशों का पाठन किया और साथ ही हिंदी कक्ष के द्वारा प्रकाशित संपर्क और जिज्ञासा (हिंदी विज्ञान जर्नल) अंक के 01 से 36 तक के सभी अंकों का प्रदर्शन किया। इस दौरान हिंदी कक्ष के द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'जिज्ञासा' के 37वें अंक का विमोचन निदेशक महोदय, उप निदेशक (प्रचालन) (कार्यवाहक), कुलसचिव तथा संपादन मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया।

निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी कक्ष अपना कार्य बहुत बेहतर तरीके से कर रहा है। सम्पर्क (पाक्षिक समाचार बुलेटिन) व जिज्ञासा का प्रकाशन सराहनीय है। समय–समय पर मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए हिंदी कक्ष द्वारा हिंदी का प्रचार–प्रसार का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को शुभकामनायें देते हुए उन्हें सुझाव दिया कि हिंदी को अपने कार्यालीन कार्यों में अधिक से अधिक प्रयोग में लाएँ। निदेशक महोदय प्रो. बनर्जी ने कहा कि संस्थान में हिंदी के विकास की संभावनाओं का पता लगाकर उन्हें बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। संस्थान में आने वाले गैर हिंदी भाषी विद्यार्थियों को हिंदी सीखने व हिंदी में पाठ्यक्रम पढ़ने की सुविधा प्रदान करने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है ।

डॉ. नीरज चौरसिया, अध्यक्ष हिन्दी कक्ष ने निदेशक महोदय के दिए गए सुझावों के लिए धन्यवाद देते हुये कहा कि हिन्दी कक्ष निश्चित रूप से आपके द्वारा दिये गए सुझावों को अमल में लाने का पूर्ण प्रयास करेगा। उन्होंनें हिंदी समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संस्थान निदेशक, उप निदेशक (प्रचालन), कुलसचिव, निर्णायक मंडल के सदस्यों, उपस्थित संकाय सदस्यों, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व हिंदी कक्ष के सभी स्टाफ सदस्यों का बहुत बहुत धन्यवाद व बधाई दी।

–डॉ. नीरज चौरसिया एवं
श्रीमती इन्द्रमणि

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-4/2023/198464 दिनांक 21.09.2023 के अनुसार **प्रो. प्रियंका श्रीवास्तव** ने 19.09.2023 से संस्थान के विद्युत इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल–11 में सहायक प्रोफेसर (ग्रेड–II) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. प्रियंका श्रीवास्तव को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-4/2023/197691 दिनांक 20.09.2023 के अनुसार **प्रो. (सुश्री) यशस्वी** ने 18.09.2023 से संस्थान के विद्युत इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल–11 में सहायक प्रोफेसर (ग्रेड–II) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. (सुश्री) यशस्वी को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2023/197151 दिनांक 19.09.2023 के अनुसार **प्रो. विज्ञांशु मिश्रा** ने 05.09.2023 से संस्थान के अनुप्रयुक्त इलैक्ट्रनिकी अनुसंधान केन्द्र (CARE) में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल–11 में सहायक प्रोफेसर (ग्रेड–II) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. विज्ञांशु मिश्रा को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2023/194243 दिनांक 11.09.2023 के अनुसार **डॉ. संबित कुमार बरुआ** ने 06.09.2023 से संस्थान के सिविल इंजीनियरी विभाग में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 30 सितम्बर, 2023 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं–

### श्रीमती रमा (26048), तकनीकी अधिकारी, यांत्रिक इंजीनियरी विभाग



**श्रीमती रमा** ने 06 जनवरी, 1986 को संस्थान में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 10 दिसम्बर, 1990 को आपको वरिष्ठ तकनीकी सहायक के रूप में नियुक्त किया गया। 01 जनवरी, 2003 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ तकनीकी अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 10 दिसम्बर, 2010 को एम.ए.सी.पी.एस. के अंतर्गत आपको उन्नयन दिया गया। 10 दिसम्बर, 2020 को आर. ऐन्ड पी. आर. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 13 दिसम्बर, 2022 को विभागीय पदोन्नति समिति के अन्तर्गत आपको तकनीकी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। मृदु स्वभाव की श्रीमती रमा एक योग्य, मेहनती एवं कर्मठ तकनीकी अधिकारी रही है।

### श्री प्रेम सिंह रावत (25235), सहायक कार्यपालक अभियन्ता, निर्माण संगठन



**श्री प्रेम सिंह रावत** ने 13 जुलाई, 1989 को संस्थान में कनिष्ठ इंजीनियर (विद्युत) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 01 अप्रैल, 1992 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ इंजीनियर (ग्रेड-II) के रूप में मैप तथा 01 अगस्त, 1997 को इसी योजना के अन्तर्गत कनिष्ठ इंजीनियर (ग्रेड-I) के रूप में चयनित किया गया। 01 मई, 1998 को आर.ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको सहायक इंजीनियर के रूप में मैप किया गया। 01 सितम्बर, 2008 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 12 मार्च, 2019 में आपको सहायक कार्यपालक इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर. ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको सहायक कार्यपालक इंजीनियर (विद्युत) के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। सौम्य स्वभाव के श्री प्रेम सिंह रावत एक मेहनती एवं कर्तव्यपरायण सहायक कार्यपालक इंजीनियर रहे है।

### श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा (25719), उप तकनीकी अधिकारी, रसायन विज्ञान विभाग



**श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा** ने 02 जनवरी, 1987 को अटेन्डेन्ट के रूप में संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। 13 अक्टूबर, 1987 को आपको मैकेनिक के रूप में नियुक्त किया गया। 01 नवम्बर, 1995 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ मैकेनिक के रूप में चयनित किया गया। 01 मई, 1998 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ मैकेनिक के रूप में मैप किया गया तथा 01 नवम्बर, 2007 को इसी योजना के अन्तर्गत कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 13 अक्टूबर, 2017 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर. ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। 22 फरवरी, 2023 को विभागीय पदोन्नति समिति के अन्तर्गत आपको उप तकनीकी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। मिलनसार स्वभाव के श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा एक कर्मठ एवं मेहनती उप तकनीकी अधिकारी रहे हैं

### श्री याद राम शर्मा (26297), कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी, ई.टी.एस.सी.



**श्री याद राम शर्मा** ने 01 अप्रैल, 1992 को संस्थान में प्रयोगशाला सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 01 मई, 1998 को आर.सी. डी.एस. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में मैप किया गया। 01 अप्रैल, 2004 को आर.सी.पी. एस. के अन्तर्गत आपको वरिष्ठ प्रयोगशााल सहायक के रूप में पदोन्नत किया गया। 01 अप्रैल, 2012 को एम.ए. सी.पी. के अंतर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 08 दिसम्बर, 2022 को विभागीय पदोन्नति समिति के अन्तर्गत कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर.ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। सौम्य स्वभाव की श्री याद राम शर्मा एक योग्य, मेहनती एवं कर्मठ कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी रहे हैं।

### श्री पूरण सिंह (27127), तकनीकी सहायक, विद्युत इंजीनियरी विभाग



**श्री पूरण सिंह** ने 26 अक्टूबर, 1984 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में वेतनमान 750-940/- रु. में कार्यभार ग्रहण किया था। 01 नवम्बर, 1992 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको 3200-4900/- रु. के वेतनमान में चयनित किया गया। 01 जुलाई, 2005 को आर. सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको 4000-6000/- रु. के वेतनमान में पदोन्नत किया गया। 26 अक्टूबर, 2014 को एम. ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 04 अप्रैल, 2016 को कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में ग्रुप 'डी' से 'सी' में नियोजित किया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर.ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको तकनीकी सहायक के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। सौम्य स्वभाव के श्री पूरण सिंह एक योग्य एवं कर्मठ तकनीकी सहायक रहे हैं।

### श्री राजेन्द्र सिंह (26596), तकनीकी सहायक, यांत्रिक इंजीनियरी विभाग



**श्री राजेन्द्र सिंह** ने 26 अक्टूबर, 1984 को संस्थान में अटेन्डेन्ट के रूप में वेतनमान 750-940/-रु. - 800-1150/-रु. में कार्यभार ग्रहण किया था। 01 नवम्बर,

1992 को आर. ऐन्ड सी.डी.एस. के अन्तर्गत आपको 3050-4590/-रु. के वेतनमान में पदोन्नत किया गया। 17 अक्टूबर, 2002 में आपको 3200-4900/-रु. में कनिष्ठ मैकेनिक के रूप में चयनित किया गया। 17 अक्टूबर, 2012 में आपको एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत ग्रेड वेतन 2400/-रु. में उन्नयन दिया गया। 17 अक्टूबर, 2022 को आर.ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको उन्नयन दिया गया तथा 22 दिसम्बर, 2022 को इसी योजना के अन्तर्गत आपको तकनीकी सहायक के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। मृदु स्वभाव के श्री राजेन्द्र सिंह एक योग्य एवं कर्मठ तकनीकी सहायक रहे हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके एवं उनके परिवार के लिए सुख समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

## बधाई

स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2023/194505 दिनांक 20.09.2023 के अनुसार 25.08.2023 को आयोजित (BOG संकल्प सं. BG/58/2010 के अनुसार गठित) निर्धारण समिति की सिफारिशों पर एवं अध्यक्ष अभिशासक परिषद की सहमति से संस्थान के निम्नलिखित संकाय सदस्यों को 1.7.2023 से उच्चतर अकादमिक ग्रेड (HAG) वेतनमान अर्थात वेतन लेवल–15 (1,82,200-2,24,100/- रु.) प्रदान किया गया है।

| क्र.सं. | संकाय सदस्यों का नाम एवं कर्मचारी कोड | शैक्षिक इकाई |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. बिजाय केतन पणिग्राही (16066) | विद्युत इंजीनियरी |
| 2. | प्रो. स्वदेश कुमार डे. (16153) | विद्युत इंजीनियरी |
| 3. | प्रो. पुलक मोहन पाण्डेय (16019)* | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 4. | प्रो. प्रबल तालुकदार (16156) | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 5. | प्रो. अशीष कमलाकर दर्पे (16020) | यांत्रिक इंजीनियरी |
| 6. | प्रो. कोनिजेति श्रीनद्य (16047) | गणित |
| 7. | प्रो. गद्दम विजय प्रकाश (16050) | भौतिकी |
| 8. | प्रो. अंनजन बासु (15854) | अनुप्रयुक्त इलैक्ट्रॉनिकी अनुसंधान केन्द्र (केयर) |

| क्र.सं. | संकाय सदस्यों का नाम एवं कर्मचारी कोड | शैक्षिक इकाई |
|---|---|---|
| 9. | प्रो. राजेश खन्ना (15932) | रासायनिक इंजीनियरी |
| 10. | प्रो. विवेक विट्ठल बुवा (16116) | रासायनिक इंजीनियरी |
| 11. | प्रो. अनुपम शुक्ला ) (16097 | रासायनिक इंजीनियरी |
| 12. | प्रो. बदरी प्रसाद पटेल (16055) | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी |
| 13. | प्रो. सुबोध कुमार (16061) | कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी |
| 14. | प्रो. देवराज कौशल (16046) | सिविल इंजीनियरी |
| 15. | प्रो. अनुश्री मलिक (16048) | ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी |

* प्रो. पुलक मोहन पाण्डेय को उच्चतर अकादमिक ग्रेड (HAG) वेतनमान 1.7.2023 से प्रदान किया जाएगा, यद्यपि इसका वित्तीय लाभ EOL से वापस आने तथा संस्थान ग्रहण करने की तारीख से दिया जाएगा।

## जागृति महिला क्लब की नई टीम का गठन

जागृति महिला क्लब से प्राप्त सूचना के अनुसार निम्नलिखित सदस्य वर्ष 2023–24 के लिए क्लब के पदाधिकारी रहेंगेः–

| | |
|---|---|
| श्रीमती मधुलिता पंडा | सचिव |
| श्रीमती गीता चौधरी | कोषाध्यक्ष |
| श्रीमती शकुन्तला (सुचि) | संयुक्त सचिव |

**कार्यकारिणी सदस्य**

1. श्रीमती अर्चना जोशी
2. श्रीमती गरिमा जैन
3. श्रीमती रानू चौरसिया
4. श्रीमती श्वेता सुमन

## दुःखद निधन

स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2023//196721 दिनांक 18.09.2023 के अनुसार प्रो. रामचन्द्र, सहायक प्रोफेसर (ग्रेड-I), ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र का दिनांक 30.08.2023 को आकस्मिक निधन हो गया है। संस्थान के सभी सदस्य परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को चिरशान्ति प्रदान करें एवं शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने का साहस एवं धैर्य प्रदान करें।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com